**जनसुनवाई** कलेक्ट्रेट में सुनी गई 179 आवेदकों की समस्या, अधिकारियों को निराकरण के निर्देश

# अतिक्रमण कर बंद कर दिया रास्ता



**नवभारत, कटनी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे 179 आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्राम बन्दरी निवासी सुरेश कुमार कुशवाहा ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उन्होंने दिसम्बर 2025 और जनवरी 2026 में सीसी रोड निर्माण कार्य में 16 दिनों तक श्रम किया, लेकिन अब तक उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। इस पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत बड़वारा को प्रकरण का जल्द निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कन्हवारा निवासी बाबूलाल समना रौतेल ने अपने नाती का आधार कार्ड बनवाने में आ रही कठिनाइयों की जानकारी देते हुए बताया कि कई प्रयासों के बावजूद आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है, जिससे बच्चे की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस पर कलेक्टर ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग को आवश्यक कार्रवाई कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। ग्राम बगवारा निवासी 70 वर्षीय मंगल पटेल ने शिकायत करते हुए बताया कि उनके पड़ोसी द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर उनके निजी खेत तक जाने का रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया है। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार बरही को नियमानुसार निर्धारित समय-सीमा में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम डीघी निवासी राजीव कुमार तिवारी ने गांव के शासकीय हैंडपंप के बंद होने से उत्पन्न पेयजल संकट की जानकारी दी। इस पर कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी, लोक सेवा से दिनेश विश्वकर्मा सहित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चलती बाइक में फंसा साड़ी का पल्लू, महिला घायल

**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा में राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर चलती बाइक की चेन में साड़ी का पल्लू फंस जाने से बाइक बेकाबू होकर सड़क पर पलट गई। इस हादसे में बाइक पर पीछे बैठी 6 माह की एक गर्भवती सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को नाजुक हालत में बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पीड़ित पति नागेंद्र यादव ने बताया कि वह अपनी 6 महीने की गर्भवती पत्नी अर्चना यादव को रूटीन चेकअप के लिए कटनी में डॉक्टर के पास ले गया था। शाम को जब दोनों बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे, तभी विलायत कला ग्राम के पास अचानक अर्चना की साड़ी का पल्लू चलती बाइक के पिछले पहिये की चेन में फंस गया। साड़ी का कपड़ा चेन में फंसते ही गाड़ी का संतुलन पूरी तरह बिगड़ गया और दंपती तेज रफ्तार बाइक समेत सड़क पर जा गिरे। दुर्घटना में गर्भवती महिला अर्चना के सिर और पेट में गंभीर चोटें आई हैं।



## स्कूल के किचन में निकला पांच फीट लंबा कोबरा सांप

**छात्रों में रही दहशत, सर्पमित्र ने पकड़कर जंगल में छोड़ा**

**नवभारत, कटनी।** जिले की बरही तहसील स्थित एक शासकीय माध्यमिक शाला के रसोई घर में मंगलवार को 5 फीट लंबा कोबरा सांप दिखने से स्कूल में हड़कंप मच गया। जिसके बाद बच्चों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम करौंदी खुर्द स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में मंगलवार को कक्षाएं चल रही थीं। मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए जब रसोई कर्मचारी किचन में पहुंचे, तो उन्होंने वहां करीब 5 फीट लंबा कोबरा सांप देखा। सांप को देखते ही रसोई स्टाफ ने तत्काल शिक्षकों को सूचना दी। सूचना मिलते ही स्कूल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें तत्काल सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया। शिक्षकों ने तत्काल स्थानीय सर्पमित्र को घटना की जानकारी दी। सर्पमित्र अपने उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। स्कूल के किचन में सांप के छिपे होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में विशेष सावधानी बरती गई। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद सर्पमित्र ने 5 फीट लंबे कोबरा को सफलतापूर्वक पकड़ लिया। सांप को सुरक्षित डिब्बे में बंद कर आबादी से दूर घने जंगल में छोड़ दिया गया। सफल बचाव अभियान के बाद सर्पमित्र ने शिक्षकों, बच्चों और उपस्थित ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में जलभराव के कारण सांप जैसे वन्यजीव अक्सर सुरक्षित और सूखे स्थानों की तलाश में रिहायशी इलाकों में आ जाते हैं। ऐसी स्थिति में घबराने या सांप को नुकसान पहुंचाने के बजाय तत्काल वन विभाग या नजदीकी सर्पमित्र को सूचित करें।

**सफल प्रदर्शन करने वाले छात्रों को दिए गए प्रोन्नत बेल्ट-** नवभारत, कटनी। मप्र ताईक्वाण्डो संघ से सम्बद्ध जिला ताईक्वाण्डो संघ का मार्शल आर्ट ताईक्वाण्डो प्रशिक्षण सत्र एवं प्रोन्नत बेल्ट प्रदान करने का फाइनल सत्र जिला संघ के हॉल में सम्पन्न हुआ। फाइनल चक्र में प्रशिक्षक पैनल ने खिलाड़ियों का बेल्ट टेस्ट लेकर परिणाम घोषित किया। व्हाईट से यलो बेल्ट के लिए रितिका खरे, सचिन तिवारी, श्रेया जैन ने क्वालिफाई किया। इसी तरह यलो से हाई यलो के लिए श्रेष्ठ सोनी अभिमन्यु नायक, अनुस्मिता नायक, एकांश चौरसिया, स्वदिश गुप्ता, रूद्रप्रताप सिंह ठाकुर, प्रताप राज सिंह ठाकुर, श्रीजा सोनी ने तो हाई यलो से ग्रीन बेल्ट श्रेणी में युवांश अग्रवाल, अनादिक जैन, मोसित जैन, वैष्णवी तिवारी, सिद्धी डेंगरे, रिद्धी जैन, अवनी वोहरा, देवेश चतुर्वेदी ने क्वालीफाई किया। निशिका झॉ, शुभांग सोनी ग्रीन से हाई ग्रीन बेल्ट क्वालीफायर रहे।

**एक नजर में**

## एक माह की बच्ची ने निगली 3 सेंटीमीटर लंबी चिमटी

**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम रुपौध में मंगलवार शाम एक माह की बच्ची ने 3 सेंटीमीटर लंबी लंबी बालों की चिमटी निगल ली। घटना के बाद बच्ची को बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम परिजन घर के काम में व्यस्त थे। इसी दौरान बड़ी बहन अपनी एक महीने की छोटी बहन के साथ खेल रही थी। उसने मासूम के मुंह में बालों की चिमटी डाल दी, जिसे बच्ची ने निगल लिया। बच्ची की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। डॉक्टरों ने बच्ची का एक्स-रे कराया, जिसमें उसके पेट के भीतर 3 सेंटीमीटर लंबी बालों की क्लिप साफ दिखाई दी। मामले की गंभीरता और बच्ची की कम उम्र को देखते हुए बड़वारा के डॉक्टरों ने उसे तत्काल कटनी जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बड़वारा के मेडिकल ऑफिसर ने बताया कि बच्ची की हालत फिलहाल स्थिर है और उस पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। बच्ची की उम्र महज एक महीना होने के कारण क्लिप को सुरक्षित निकालने के लिए सर्जरी की आवश्यकता पड़ सकती है। बच्ची को जिला अस्पताल भेजा गया है।

## सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर स्वरोजगार अपनाएं समाज के युवा

**सिलौंडी में मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक का स्वागत**



**नवभारत, उमरियापान।** जिले के सिलौंडी में भारतीय जनता पार्टी मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्याम निषाद के प्रथम आगमन पर भाजपा मंडल पदाधकरियो, समाजजनों एवं सभी वर्गो के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सिलौंडी के बस स्टैंड में फूल-मालाओं से अभिनंदन एवं तिलक-वंदन कर उनका आत्मीय सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान सिलौडी स्थित पंचमुखी मंदिर प्रांगण में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया गया। नेगई स्थित स्वागत समारोह कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्याम निषाद, कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी एवं वशिष्ठ अतिथि के रूप में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अमित राय, सिलौड़ी सरपंच पंचो संतोष कुमार, भाजपा कार्यालय मंत्री विनोद राय, बच्चू निषाद आदि मंचासीन रहे। नेगाई मांझी समाज के सामाजिक भवन में अतिथियों द्वारा भगवान श्री राम और निषादराज जी की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बर्मन, मांझी, निषाद समाज के साथ साथ अन्य वर्गों वरिष्ठजनों, युवाओं और पार्टी पदाधिकारी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए अपने-अपने विचार रखें। प्रदेश संयोजक श्याम निषाद ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के युवाओं को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर स्वरोजगार अपनाना चाहिए, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। उन्होंने 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

## सेवानिवृत्ति पर शिक्षक को सम्मान समारोह में दी गई विदाई

**37 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए शिक्षक**



**नवभारत, उमरियापान।** जनपद शिक्षा केन्द्र ढीमरखेड़ा अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला झिन्नापिपरिया में पदस्थ प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश चौरसिया 37 वर्षों की शासकीय सेवा पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर स्कूल परिसर में आयोजित विदाई समारोह में उन्हें शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। उनके शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान और समर्पण की सराहना की गई। समारोह में शिक्षकों, अधिकारियों और अतिथियों ने श्री चौरसिया के अनुशासन, कार्यनिष्ठा और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण को प्रेरणादायी बताते हुए उनके स्वस्थ, सुखद और मंगलमय जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सुरेश त्रिपाठी, सीताराम मिश्रा, डॉ कैलाश पटेल, बसंत चौरसिया, बीआरसी प्रेम कोरी, धिरपाल सिंह, दशरथ सिंह, रामेश्वर धुर्वे, बीएसी रामनाथ पटेल, सत्येन्द्र गर्ग, अखिलेश त्रिपाठी, सुधाकर उपाध्याय, श्रीमती आरती चौरसिया, हेमंत चौरसिया, श्रद्धा चौरसिया, संतोष रावते, प्रियंका मेहरा, शुभांशी मिश्रा, अश्विनी त्रिपाठी, कविता मेहरा, दीपक नामदेव, सत्यदेव महोबिया, सुरेंद्र घरते, गणेश महोबिया, किशोरी चौरसिया, धनंजय दुबे, मनीष चौरसिया, चंद्रेश चौरसिया, डॉ योगेंद्र बहादुर चौरसिया सहित परिवारजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश त्रिपाठी ने किया, जबकि स्वप्निल चौरसिया ने आभार व्यक्त किया। समापन अवसर पर ओमप्रकाश चौरसिया को भावभीनी विदाई दी गई। इसके बाद वे अपने गांव उमरियापान पहुंचे, जहां उन्होंने बड़ीमाई मंदिर और कुलदेवता का पूजन-अर्चन कर अपने नए जीवन की मंगलमय शुरुआत की।

## पथरी के ऑपरेशन के दौरान युवती की मौत

**एमजीएम अस्पताल में परिजनों ने किया हंगामा, डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप**

**नवभारत, कटनी।** शहर के एमजीएम अस्पताल में मंगलवार को गाल ब्लैडर की सर्जरी के दौरान युवती की मौत हो गई। युवती की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही से ऑपरेशन करने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना कोतवाली की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आक्रोशित परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने युवती के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार विजयराघवगढ़ निवासी 24 वर्षीय फिजा बी एक वर्ष से पथरी की समस्या से पीड़ित थी। जिसे इलाज के लिए सोमवार को कटनी के एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया था। डॉक्टर्स ने मंगलवार को तत्काल ऑपरेशन कराने की सलाह दी। फिजा के परिजन सोहेल अली का कहना है कि खून चढ़ाने के बाद ठीक एक घंटे बाद डॉक्टरों ने दोबारा संपर्क कर बताया कि ब्लीडिंग बंद नहीं हो रही है। कुछ ही देर बाद फिजा को मृत घोषित कर दिया गया।

## जिले के 13 पुलिस थानों व 3 एसडीओपी कार्यालयों को मिला अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन का प्रमाण पत्र

**नवभारत, कटनी।** जिले के 13 पुलिस थानों और 3 एसडीओपी कार्यालयों को आईएसओ (अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन) सर्टिफिकेट दिया गया। यह कदम जिले की पुलिस व्यवस्था में गुणवत्ता सुधार और आधुनिकीकरण की दिशा में उठाया गया है, जिससे कानून व्यवस्था अधिक मजबूत, पारदर्शी और जनता के अनुकूल बन सके। इस उपलब्धि का जायजा लेने के लिए जबलपुर रेंज के आईजी प्रमोद वर्मा कटनी पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले आईएसओ मानकों पर खरे उतरे एनकेजे थाना परिसर का निरीक्षण किया और वहां किए गए सुधारों की सराहना की।

## आंगनबाड़ी सहायिका के लिए ऑनलाइन आवेदन

**नवभारत, कटनी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना कटनी अंतर्गत आंगनवाड़ी सहायिका के 4 पूर्णत: अस्थायी, मानदेय आधारित मानसेवी रिक्त पदों की पूर्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित मांग गए हैं। जिसमें कहा गया है कि इच्छुक महिला अभ्यर्थी विशेष चयन पोर्टल के माध्यम से स्वयं या किसी भी ऑनलाइन कियोस्क के जरिए 13 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकती हैं। आवेदन में संशोधन की सुविधा 15 जुलाई 2026 तक उपलब्ध रहेगी। केवल ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदन ही मान्य होंगे।


























